www.epaper.azadsipahi.in

17 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 24+12=36
मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 297

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

38 हजार पदों पर नियुक्ति शीघ्र : हेमंत सोरेन



SAMFORD
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
State of The Art Straight From The Heart

QCI

मान्यता प्राप्त

## आजादी के अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



## सैमफोर्ड हॉस्पिटल,राँची की एक और उपलब्धि हमारे हॉस्पिटल में एक और नये अत्याधुनिक कैथ-लैब एवं अल्ट्रा मॉर्डन CCU की सुविधा के साथ सभी प्रकार के हृदय रोगियों के लिए उपलब्ध

झारखंड के सुविख्यात और अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ

**डॉ. दीपक गुप्ता**
MBBS, MD(इंटरनल मेडिसिन) रिम्स,
DM (कार्डियोलॉजी) SGPGI (लखनऊ)
FACC, FSCAI, FESC

**डॉ. आशुतोष**
MBBS, MD(मेडिसिन)
DM(कार्डियोलॉजी)
FACC(USA), FSCAI

स्कॉप ऑफ सर्विसेज



- आईसीयू- 64 बेड
- नियोनेटल आईसीयू-48 बेड
- गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी
- कार्डियोलॉजी
- न्यूरोलॉजी & न्यूरो सर्जरी
- नेफ्रोलॉजी & किडनी ट्रांसप्लांट
- हड्डी रोग, घुटना& हिप रिप्लेसमेंट
- 24x7 इमरजेंसी सुविधा
- यूरोलॉजी
- जनरल - लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी
- 24x7 इमरजेंसी सुविधा
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- शिशु रोग - बाल रोग सर्जरी
- 24x7 इमरजेंसी डायलिसिस सुविधा
- 3 टेस्ला MRI, सिटी स्कैन & अन्य
- सभी प्रकार की लैब जांच सुविधा

## राँची के लोगों के लिए फ्री इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा 7360080040

## 24x7 आपकी सेवा में तत्पर | अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें

H.B. Road, Kokar Chowk, Ranchi
www.samfordhospital.com
info@samfordhospital.com
8877188771, 7360080012 / 40 / 41
samford hospitals
1800 12340000 | 0651 7111888




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# पीएम मोदी ने लाल किले से खींच दी 2024 के रण की लकीर

## ■ भ्रष्टाचार-परिवारवाद और तुष्टीकरण पर किया करारा प्रहार

## ■ पांच साल की 'गारंटी' दे मांग लिया देशवासियों का आशीर्वाद

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वीं बार लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहरा कर विश्व को एक बार फिर बताया कि भारत क्या है और भारतवासी होने के क्या मायने हैं, हमारी क्या ताकत है। हम एक ऐसे दौर में हैं, जब विश्व के कई देशों में युद्ध का माहौल है। कई देश ऐसे हैं, जहां के नागरिक अपने मुल्क के हालात देख कर उसे छोड़ कर भागने और दूसरे देशों में शरण लेने को मजबूर हैं। कई देश ऐसे हैं, जहां कब्जे की जंग चल रही है। कुछ ऐसे भी हैं, जहां भुखमरी और अराजकता के हालात हैं। उन देशों के पास संभलने का मौका नहीं है। अगर इस दौर में भारत एक शक्तिशाली आजाद मुल्क के तौर पर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तो इसकी पहचान, लालकिले की प्राचीर से शान से लहराता तिरंगा ही है। ये सब पीएम मोदी के भाषण की अंतर्निहित बातें हैं। उनके भाषण में भारत की शक्ति की झलक और आनेवाले आम चुनाव के मुद्दों के संकेत मिले हैं। यह पहली बार था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण का शुरुआती संबोधन बदल दिया। 'मित्रों', 'साथियों' या 'देशवासियों' के बदले उन्होंने शुरुआत 'मेरे प्रिय परिवारजनों' के साथ की थी। इस शब्द का इस्तेमाल यह बताने के लिए किया कि उनका परिवार 140 करोड़ लोगों का है। भारत को लेकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या सोचते हैं, उनका विजन क्या है, और आगे आनेवाले समय में वह क्या करने के बारे में सोच रहे हैं, इसका पता उनके स्वाधीनता दिवस पर दिये गये भाषण से बखूबी चलता है। भाषण में उन्होंने भारत शब्द 110 बार बोला। वहीं 63 बार विश्व, 48 बार परिवारजन, 43 बार सामर्थ्य, 23 बार गांव, 20 बार संकल्प, 19 बार नारी या महिलाएं, 17 बार आजादी, 14 बार भ्रष्टाचार और 13 बार युवा शब्द का इस्तेमाल किया। क्या हैं पीएम मोदी के भाषण के भीतर छिपी हुई बातें, विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश की आजादी की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से राष्ट्र को संबोधित किया। यह बतौर प्रधानमंत्री उनका 10वां और उनके दूसरे कार्यकाल का आखिरी स्वतंत्रता दिवस संबोधन था। भले 15 अगस्त पर लाल किले से प्रधानमंत्री का संबोधन पारंपरिक होता हो, लेकिन पीएम मोदी ने इसके जरिये ही 2024 के आम चुनावों की लड़ाई की पिच भी तैयार कर दी है। साथ ही इन चुनावों के अंतिम नतीजों के संकेत भी दे दिये हैं। करीब डेढ़ घंटे के इस संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के कामकाज का हिसाब दिया। आंकड़ों के साथ उपलब्धियां गिनायीं। ग्रामीण क्षेत्र में दो करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने का सपना दिखाया, तो 'विश्वकर्मा योजना' लाने की घोषणा की। अगले पांच साल में भारत को दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल करने की गारंटी दी। मध्यमवर्ग के 'अपना घर' के सपने को साकार करने के लिए बैंक लोन में रियायत का वादा किया। विपक्ष का नाम लिये बिना परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को 'बीमारी' बताते हुए भारतीय लोकतंत्र को इनसे मुक्ति दिलाने की अपील की।

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरे विश्व को जो संदेश दिया है, उसका असर दूरगामी लगता है। उन्होंने देश को स्थायित्व देने की बात दोहरायी और अगले साल फिर से लाल किले पर मिलने का वादा किया। यह उनका आत्मविश्वास और भरोसा ही है, जिसमें उन्होंने



साफ कर दिया है कि एक बार फिर से मोदी सरकार वापस आयेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने गांव, शहर, राज्य, देश, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था जैसे सभी मुद्दों को न सिर्फ छुआ, बल्कि गहराई से अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान जी-20 की बात भी की, जिसकी अध्यक्षता फिलहाल भारत के पास है। उन्होंने पड़ोसी देश पर हमला तो बोला, लेकिन बिना नाम लिये। मणिपुर में हो रही हिंसा पर उन्होंने पीड़ितों को मरहम लगाया। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर भी निशाना साधा, लेकिन राष्ट्र प्रथम की नीति के हिसाब से।

प्रधानमंत्री के भाषण पर पूरी दुनिया की नजर रहती है, इसे समझते हुए उन्होंने चुन-चुन कर अपनी बातें रखीं। अपने संबोधन में उन्होंने चुनावी मुद्दों की तो बात की, लेकिन सावधानीपूर्वक। उनका पूरा भाषण विकास के एजेंडे पर रहा और कुछ जरूरी हिस्सों में उन्होंने विपक्ष को ललकारा भी।

पीएम मोदी ने एक तरफ विपक्षी दलों के 'परिवारवाद' पर निशाना साधा, तो दूसरी तरफ 'परिवारजन' संबोधन से देश के लोगों को यह बताने की कोशिश की कि उनके लिए पूरा देश ही परिवार है। वह जो कुछ कर रहे हैं, इसी परिवार के लिए कर रहे हैं। यही कारण है कि उनके संबोधन के दौरान 48 बार 'परिवारजन' शब्द का जिक्र आया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि 2024 की राजनीतिक लड़ाई में यह शब्द बार-बार सुनाई पड़ सकता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 12 बार युवा, तो 35 बार महिलाओं का जिक्र किया। साथ ही अपनी सरकार की मजबूती को बताने के लिए 43 बार सामर्थ्य और 19 बार संकल्प शब्द का उपयोग किया।

एक तरफ प्रधानमंत्री ने एक हजार साल की गुलामी की चर्चा करते हुए राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार दी, वहीं दूसरी तरफ लोगों को यह भी बताने की कोशिश की कि उनका आज का फैसला भारत के अगले हजार साल की तकदीर लिखेगा। संकेतों में उन्होंने आम चुनावों के लिए जनता से आशीर्वाद भी मांगा। साथ ही देश के मूड का संकेत देते हुए यह भी कहा कि 2047 के सपने को साकार करने का सबसे बड़ा स्वर्णिम पल आनेवाले पांच साल हैं। कहा-अगली बार 15 अगस्त को इसी लाल किले से मैं आपको देश की उपलब्धियां, आपके समार्थ्य, आपके संकल्प, उसमें हुई प्रगति, उसकी जो सफलता है, उसके गौरवगान उससे भी अधिक आत्मविश्वास के साथ, आपके सामने मैं प्रस्तुत करूंगा। साल 2014 और 2019 में मिले जनादेश का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने 2024 में वापसी का एक और संकेत देते हुए यह भी कहा, जिसका शिलान्यास हमारी सरकार करती है, उसका उद्घाटन भी हम अपने कालखंड में ही करते हैं। इन दिनों मैं जो शिलान्यास कर रहा हूं, उनका उद्घाटन भी मेरे नसीब में है।

अगले साल फिर से लाल किला पर आने की बात कह कर उन्होंने यह बात साफ कर दी है कि अभी उनका देश के आगे ले जाने का सपना पूरा नहीं हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि तीसरे कार्यकाल में जब देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका होगा, उसके बाद वह इन चीजों के बारे में सोचेंगे या फिर नेतृत्व किसी और को सौंपेंगे। हालांकि, देश की आजादी के सौ साल पूरे होने तक उन्होंने देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़े करने का एलान कर दिया है।

दिलचस्प यह है कि हाल ही में संपन्न हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्षी दलों ने जिन-जिन मुद्दों पर हंगामा कर सदन की कार्यवाही में व्यवधान डाला था, एक-एक कर उन सभी मुद्दों पर देश के सामने प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपनी सरकार का पक्ष रखा। ऐसे में भले आज 2024 के आम चुनाव दूर दिख रहे हों, उससे पहले कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव भी होने हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि इन सभी राजनीतिक लड़ाइयों की लकीर पीएम ने अपनी ओर से खींच दी है। अंतिम नतीजे तो 2024 में ही पता चलेंगे, लेकिन यह आगे बढ़ कर लड़ाई की दशा और दिशा तय करने की नरेंद्र मोदी की काबिलियत ही है कि वह गुजरात से लेकर केंद्र तक अजेय बने हुए हैं। इतने सालों बाद भी विपक्ष उनके सामने निस्तेज और दिशाहीन दिखता है।




कृषि विभाग, सिमडेगा

प्रेस विज्ञप्ति

स्वतंत्रता दिवस 2023 के शुभ अवसर पर जिला के सभी किसान भाईयो को शुभकामना। कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजना।

- बीज विनिमय एवं वितरण की योजना अंतर्गत 50% अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चेन प्रणाली के माध्यम से कुल 833.00 क्विं. धान एवं मूंग बीज का वितरण।
- जिले के कुल 1547 बिरसा किसानों को कृषि कार्य करने हेतु लगभग पांच करोड़ बेरासी लाख रूपैया का किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित ।
- झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत जिले के कुल 6624 किसानों का कृषि ऋण माफ ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत 90% अनुदान पर टपक सिचाई योजना का लाभ।
- मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं एग्री क्लीनीक के माध्यम से मिट्टी नमूना का मुफ्त जांच।
- किसान कॉल सेंटर 1800-123 - 1136 द्वारा किसानों के समस्याओं का समाधान।
- किसान भाईयों को कृषि की अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर एग्री क्लीनीक का संचालन।

ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी
सिमडेगा




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
IAS STUDY CENTRE
Run by : Ravindra Sir
Special Batch for
11th JPSC & CDPO
PT CLASSES
Start from : 18.08.2023
ONLINE/OFFLINE
Both English & Hindi Medium
2nd Floor, G & H School Complex, East Jail Road, Ranchi
9304538936 / 8709247681



www.epaper.azadsipahi.in

17 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 24+12=36
मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 297

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शब्दावली जारी की : अदालतों में प्रॉस्टिट्यूट-मिस्ट्रेस जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं होंगे



## मुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण, गिनायीं उपलब्धियां

# 38 हजार पदों पर नियुक्ति शीघ्र: हेमंत

- अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरे का घर देने की घोषणा की
- 15 हजार करोड़ की लागत से बनेगा अबुआ आवास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में मंगलवार को ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश और राज्यवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य के लोगों से वादा किया था कि जरूरतमंद सभी को तीन कमरे का आवास उपलब्ध करवायेंगे। अपने वादे को पूरा करते हुए स्वतंत्रता दिवस के दिन हम इस मंच से एक नयी अबुआ आवास योजना की घोषणा करते हैं। आगामी दो वर्ष में लगभग 15 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवायेगी।

**जनता के सहयोग से एक सशक्त झारखंड का निर्माण करना हमारा संकल्प :** ध्वजारोहण के बाद उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू को याद करते हुए झारखंड के लोगों को बधाई दी। राजकीय समारोह में उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हम भारत की आजादी की 76वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि लाखों वीर सेनानियों की शहादत के बाद हमें यह दिन देखने को मिला है। मैं बाबा साहब अंबेडकर को धन्यवाद देता हूं, जिनके कारण आदिवासी आज अपना जीवन अच्छे से जी पा रहे हैं। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गिनायीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता के सहयोग से एक सशक्त झारखंड का निर्माण करना हमारा संकल्प है।

**पुरानी पेंशन योजना के तहत 35 हजार जरूरतमंद लाभांवित :** सीएम ने बताया कि बताया कि मजबूत इरादे और बुलंद हौसले के साथ हमारी सरकार ने लाखों राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू की है। राज्य के हजारों पुलिसकर्मी भी अपनी छुट्टी के हकदार हुए हैं। 35 लाख जरूरतमंद को पेंशन, 20 लाख अतिरिक्त लोगों को राशन और 57 लाख से अधिक लोगों को सरकार वर्ष में दो बार वस्त्र प्रदान कर रही है। झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान कर उनके आश्रितों और परिजनों को पेंशन और सम्मान देने की मुहिम चलायी जा रही है।

**गांव-गांव पहुंच रही है योजनाएं :** गरीब और वंचित वर्ग के युवा आज विदेशों में शिक्षा ले रहे हैं। योजनाओं की गठरी बना कर गांव-गांव और पंचायत-पंचायत लाखों जरूरतमंदों के द्वार तक सरकार पहुंची है। बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र की बदलती बयार उनमें से एक है।

उन्होंने कहा, राज्य के लोगों से वादा किया था कि सभी को तीन कमरे का आवास उपलब्ध करवायेंगे। अपने वादे को पूरा करते हुए आज हम इस मंच से एक नयी योजना अबुआ आवास योजना की घोषणा करते हैं। आगामी दो वर्ष में लगभग 15 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से अपने जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवायेगी।

**सरकार लगातार कर रही है नियुक्ति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के होनहार युवाओं को हमारी सरकार ने हाल में पंचायत सचिव एवं निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर नियुक्त किया है। इसके अलावा सहायक अभियंता, आयुष चिकित्सक, शिक्षक, सहायक लोक अभियोजक, लेखा पदाधिकारी आदि के रिक्त पदों पर भी हमारी सरकार द्वारा हजारों की संख्या में नियुक्तियों की गयी है। उन्होंने कहा कि एक वक्त था, जब हमारे होनहार छात्र परीक्षा देकर रिजल्ट का इंतजार करते-करते थक जाते थे। आज कई ऐसे उदाहरण हैं, जब साक्षात्कार के बाद 04-05 घंटे में ही परीक्षा के परिणाम जारी हुए हैं। यह बदलते झारखंड-बढ़ते झारखंड की तस्वीर है।

**38 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए भेजी गयी अधियाचना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र करते हुए विभिन्न कोटि के लगभग 38 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गयी है, जिसमें से 36 हजार पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। शीघ्र ही इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी।



### मुख्यमंत्री ने 44 पुलिस अधिकारियों-कर्मियों को पदक से किया सम्मानित

**रांची :** मोरहाबादी मैदान में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 44 पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति के हाथों मिले पदक से सम्मानित किया। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से पारसनाथ ओझा सम्मानित हुए। सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से भारतीय पुलिस सेवा के साकेत कुमार सिंह, हवलदार कैलाश प्रसाद, हवलदार सत्येंद्रनाथ, आरक्षी राम जन्म प्रसाद, हवलदार तिल प्रसाद जैसी, सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार दास, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार राय, हवलदार नंद यादव, पुलिस उपाधीक्षक संचमान तामंग, पुलिस निरीक्षक इम्तियाज अहसन, सूबेदार मेजर देव कुमार राय, पुलिस अवर निरीक्षक ललन प्रसाद सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक देवनंदन प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक लालजी तिवारी सम्मानित किये गये। इसके अलावा सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रामबली प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक रंजन कुमार पाठक, सहायक अवर निरीक्षक भगवान प्रधान, हवलदार गोपाल राम, हवलदार बंधु खड़िया, हवलदार असित बसरियार, आरक्षी जय किशोर राम, सहायक अवर निरीक्षक विपिन रजक, सहायक अवर निरीक्षक रामाकांत उपाध्याय, सहायक अवर निरीक्षक श्याम कुमार, सहायक अवर निरीक्षक श्रीपत कुमार,हवलदार जानिया बिरुवा ,हवलदार रामाशंकर यादव, हवलदार जीतन भेंगरा, हवलदार शंकर दयाल मिश्रा, हवलदार चक्कर साहु, आरक्षी मोहम्मद रशीद, आरक्षी मुनीर खां, आरक्षी मनोज कुमार दमई को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची के पुलिस निरीक्षक सुरेश राम, आरक्षी रोहित कुमार रजक, आरक्षी हीरालाल ठाकुर, आरक्षी अनिरुद्ध कुमार ओझा, आरक्षी यशवंत महतो, पुलिस अधीक्षक ऋषभ कुमार झा और तत्कालीन पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक खूंटी अनुराग राज शामिल रहे।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री ने स्व. वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बुधवार को पांचवीं पुण्यतिथि थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल स्मृति स्थल जाकर वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेता उपस्थित रहे। उन्होंने भी पूर्व पीएम को नमन किया। मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि अटल बिहारी ने देश के विकास को गति देने में बड़ी भूमिका निभायी है। वाजपेयी के नेतृत्व में देश को बहुत लाभ मिला है। वह 21वीं सदी में देश को आगे ले गये। विलक्षण अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने में 140 करोड़ भारतीयों के साथ हूं।




## कामगारों के लिए विश्वकर्मा योजना कैबिनेट से मंजूर

- एक लाख का लोन, टूल्स के लिए 15 हजार रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दे दी। 15 अगस्त के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना का जिक्र किया था। इसके जरिए देश के छोटे कामगारों और कारीगरों की आर्थिक मदद की जायेगी। उन्हें लोन से लेकर स्किल से जुड़ी मदद भी दी जायेगी। इस स्कीम पर 13,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट में लिए फैसलों की जानकारी दी।

विश्वकर्मा योजना के अलावा पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी गयी है। इसके लिए 169 शहरों में से 100 शहरों को चैनल मेर्थड से चुना जायेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस पर 57,613 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। देश भर में लगभग 10,000 नयी इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करायी जायेंगी।

### स्कीम की मुख्य बातें

- नये स्किल्स, टूल्स, क्रेडिट सपोर्ट और मार्केट सपोर्ट दिया जायेगा।
- स्कीम के तहत दो तरह के स्किल ट्रेनिंग होगी, बेसिक और एडवांस।
- ट्रेनिंग के दौरान रोजाना 500 रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जायेगा।
- मॉडर्न टूल्स खरीदने के लिए 15,000 रुपये का सपोर्ट सरकार देगी।
- एक लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा। अधिकतम पांच फीसदी का सूद होगा।
- एक लाख के सपोर्ट के बाद अगले ट्रांच में दो लाख तक का लोन मिलेगा।
- नये टूल्स, क्रेडिट सपोर्ट और नया मार्केट सपोर्ट दिया जायेगा।
- ब्रांडिंग, ऑनलाइन मार्केट एक्सेस जैसा सपोर्ट दिया जायेगा।
- पीएम ई-बस सेवा को भी मंजूरी, 10,000 नयी इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।



## मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने चाइबासा में नक्सली हमले में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर और हवलदार को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों के परिजनों-आश्रितों के साथ सरकार सदैव रहेगी : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने जवान शहीदों के शोक संतप्त परिजनों का ढांढ़स बंधाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के बलिदान हुए पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और हवलदार गौतम कुमार के पार्थिव शरीर पर मंगलवार को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बलिदानियों के शोक संतप्त परिजनों -आश्रितों से मिल कर उनका ढांढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिदानियों के आश्रितों-परिजनों के साथ सरकार सदैव साथ रहेगी। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया।

**उग्रवादी हताशा में ऐसी घटनाओं को दे रहे अंजाम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दरअसल राज्य में उग्रवादी घटनाएं अब अंतिम सांसें गिन रही हैं। दो वीर जवानों की शहादत कहीं ना कहीं उग्रवादियों के हताशा में किये गये हमले का ही परिणाम है। दो जवानों का शहीद होना हमारे लिए बहुत ही दुखद है। लेकिन, उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और शक्ति के साथ लगातार जारी रहेगा ।

झारखंड जगुआर के शहीद सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी का पैतृक आवास पलामू जिले के रेहला प्रखंड के तोलरा गांव में है। उन्हें एक बेटी और बेटा है।,जबकि, शहीद गौतम कुमार के परिजन बिहार के भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के रंधाडीह गांव में रहते हैं। दिवंगत गौतम कुमार अविवाहित थे और उनके घर में मां, एक बहन तथा तीन भाई हैं।

# हजारीबाग में नाबालिग को एसिड पिलाने के आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**हाइकोर्ट ने 19 सितंबर तक मांगी रिपोर्ट, 21 से 25 अगस्त के बीच होगा टेस्ट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाये जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए गुजरात के गांधीनगर के फोरेंसिक साइकोलॉजी डिवीजन डायरेक्टरेट ऑफ फोरेंसिक साइंस से पत्राचार किया गया था। उसने 21 अगस्त से 25 अगस्त के बीच आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति प्रदान की है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कर 19 सितंबर तक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई 19 सितंबर निर्धारित की है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़िता का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। कोर्ट ने मामले में हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़िता का इलाज रिम्स, रांची में करायें। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

**क्या है मामला**


दरअसल वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब स्कूल से लौट रही थी, तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दी थी। इससे उसकी हालत काफी बिगड़ गयी थी। बाद में एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाये जाने से दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी और तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। इसके बाद मीडिया में आयी खबर के आधार पर हाइकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।













# सहयोग की भावना से ही सर्वांगीण विकास संभव : डॉ तपन कुमार शांडिल्य



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और विवि छात्रावास में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने एनसीसी कडेट्स को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद कुलपति ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने गौरवशाली अतीत को स्मरण कर आनेवाली पीढ़ी को उसके विषय में बताना चाहिए ताकि वे उन आदर्शों को आत्मसात कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें सामूहिकता की सोच के साथ देश और विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी हुए। पीआरओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह , वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार मिश्र, प्रॉक्टर पंकज कुमार सभी संकायों के डीन और विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी और काफी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।







# शारदा ग्लोबल स्कूल में झंडोत्तोलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के निर्देशक दीपक बंका के द्वारा झंडात्तोलन और छात्रों द्वारा हमारे वीर सेनानियों के लिए देशभक्ति के गीत, नृत्य तथा कविताओं के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। विद्यालय के डारेक्टर दीपक बंका ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का भविष्य आज हमारे युवा कंधों पर है, अतः उनमें परिवार, समाज एवं देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का समावेश होना चाहिए। विद्यालय की डारेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य जसमीत कौर ने छात्रों से संकल्प लिया कि वे अनुशासित, उत्तरदायित्व से पूर्ण होकर ही जीवन में श्रेष्ठतम विकास पर केंद्रित हो सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।


# राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण 20 अगस्त को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव करेंगे : आलोक दुबे

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू के सौजन्य से बिरसा चौंक स्थित राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान में भारत रत्न, सूचना क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के प्रतिमा का अनावरण झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री 20 अगस्त को करेंगे। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने बताया पूर्व मंत्री झारखंड सरकार स्वर्गीय हेमंत प्रताप देहाती की स्मृति में पारम्परिक विधि विधान से राजीव गांधी के प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। उन्होंने कहा रांची सहित झारखंड में राजीव जी की



पहली प्रतिमा लगायी जा रही है। आलोक दुबे ने कहा राजीव जी की की यादें झारखंड से जुड़ी हुई हैं। झारखंड आंदोलनकारियों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता कर उन्हें सम्मान दिया और झारखंड स्वशासी परिषद का गठन कर झारखंड अलग राज्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।






## पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बाबूलाल मरांडी ने किया दावा

# आदिवासी जमीन खरीदने के लिए सोरेन परिवार ने नाम बदल दिया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके परिजनों पर नाम बदल-बदल कर आदिवासियों की जमीन खरीदने का आरोप लगाया है। प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने दावा किया कि उनके पास उपलब्ध जानकारी के मुताबिक रांची में दहरू मुंडा नामक एक आदिवासी की जमीन 2002 में हेमंत सोरेन ने हेमंत कुमार सोरेन के नाम से खरीदी। इसी तरह रांची से संताल परगना तक जमीन खरीद में शिबू सोरेन ने शिव सोरेन बन कर जमीन ली। शिबू सोरेन के बेटे बसंत सोरेन ने इस काम के लिए पिता का नाम शिव कुमार सोरेन दिखाया है। बाबूलाल मरांडी ने हैरानी जताते कहा कि राज्य का आदिवासी सीएम ही आदिवासियों की जमीन नाम बदल कर खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जिसके जरिये सोरेन परिवार ने अकूत संपत्ति बनायी है। ऐसी सरकार को तो बर्खास्त होना चाहिए। जेल जाना चाहिए।

### प्रवर्तन निदेशालय का सता रहा डर, पूछताछ से क्यों भाग रहे!

बाबूलाल मरांडी के मुताबिक जमीन लूट में अपने फंसने का भय सीएम हेमंत सोरेन को है। यही कारण है कि इडी के बुलावे से उन्हें भय है। वह महंगे वकीलों की सेवाएं लेने में लगे हैं। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है, तो इडी के बुलावे पर जाकर अपनी बात रखते। सच यही है कि 23 साल पहले भाजपा के अग्रणी नेता और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य का गठन किया। अर्जुन मुंडा, रघुवर दास समेत उनके कार्यकाल में झारखंड के विकास के लिए काम हुए। अभी झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार में राज्य में केवल लूट मची है। थाना से लेकर अंचल, बीडीओ कार्यालय में बगैर पैसे के कोई काम नहीं हो रहा।

### संकल्प यात्रा में जनता को बतायेंगे सच

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट, लुटेरी सरकार के कारनामों और उसकी हकीकत को जनता को 17 अगस्त से राज्य भर में शुरू होनेवाली संकल्प यात्रा के दौरान बताया जायेगा। उन्होंने कहा कि सिदो-कान्हू की धरती भोगनाडीह (साहिबगंज) से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलनेवाली इस यात्रा के दौरान लोगों को बतायेंगे कि जितनी जल्दी हो, इस राज्य से ऐसी लुटेरी, भ्रष्टाचारी सरकार से मुक्ति मिले। आदिवासियों को उनका अधिकार मिले।

Tenughat Vidyut Nigam Limited
तेनुघाट वाष्प शक्ति प्रतिष्ठान
(A Govt. OF Jharkhand Undertaking)
बधाई संदेश
तेनुघाट वाष्प शक्ति प्रतिष्ठान, ललपनिया (बोकारो) परिवार की ओर से भारत के स्वतंत्रता दिवस के 76वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विद्युत अधीक्षण अभियंता (मा.सं.)
टी.पी.पी.एस. ललपनिया
पत्रांक : 165/
दिनांक : 14.08.2023

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गुमला
आत्मसमर्पण नीति
15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।
1. सरकार द्वारा चिह्नित किये गये उग्रवादियां पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
2. आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी जायेगी।
3. प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4. राज्य अंतर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
5. आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल -सह- पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
6. आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति / व्यय का भुगतान किया जायेगा।
7. ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
8. आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नंबरों पर संपर्क करें:-
1. 9431706376 2. 9431706182 3. 9471182118 4. 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी / पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
निवेदक
पुलिस अधीक्षक
गुमला
ज्ञापांक : 102) / सा.शा., पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला
दिनांक : 12.82003

ADITYA BIRLA
HINDALCO
हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि.
झारखंड माइंस परिवार
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जय हिंद, जय भारत

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा)
पुराना समाहरणालय भवन, गिरिडीह, पिन नं.- 815301
परियोजना निदेशक,आत्मा - सह - जिला कृषि पदाधिकारी, गिरिडीह परिवार की तरफ से जिले के सभी किसान भाईयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वैज्ञानिक खेती अपनाये, कम खर्च में अधिक लाभ पाये
PER DROP-MORE CROP सिंचाई की सूक्ष्म विधि अपनायें
पानी बचत के साथ अधिक उपज पायें
मोटा अनाज, पोषण अपार
"प्रति बूंद अधिक उपज"
पत्रांक : 140 दिनांक : 11.08.2023
ह./- परियोजना निदेशक, आत्मा-सह-
जिला कृषि पदाधिकारी, गिरिडीह

दाघानि DVC
दामोदर घाटी निगम
बोकारो थर्मल ताप विद्युत केन्द्र
बोकारो थर्मल, बोकारो
राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित दामोदर घाटी निगम बोकारो, थर्मल विद्युत केन्द्र की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक की हार्दिक शुभकामनाएं।
"हमसे हैं लाखों चेहरों पर मुस्कान"



नंदकिशोर चौधरी
मुख्य महा प्रबंधक एवं परियोजना प्रधान
डीवीसी बोकारो थर्मल
सं. : सीटी/डी.आर-I(विज्ञान)21/4209
दिनांक : 14.08.2023

दाघानि DVC
दामोदर घाटी निगम
चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र
चंद्रपुरा, बोकारो
राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित दामोदर घाटी निगम
चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक की हार्दिक शुभकामनाएं।
"हमसे हैं लाखों चेहरों पर मुस्कान"
सं. : सीटी/डीजीएम/पीआर/1/178
दिनांक : 14.08.2023
डीवीसी, सीटीपीएस

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रॉयल इंडिया
www.royalsolarpump.com
उच्च दक्षता और
उच्च स्थिरता।



INDEPENDENCE DAY
1 से 5 एचपी वाटर-कूल्ड सबमर्सिबल डीसी पंप।
Royal Instrument India Pvt Ltd
201, MODI Heights, Phase 2,
Ratu Road, Ranchi,
Jharkhand, 834001
(+91) 90310 02865 \ 92644 33807 \ 92644 33809 \ 92644 33812
Royal Instrument India Pvt Ltd
Unit No. 15, Turbhe Industrial Park
Plot No. C-56/1 TTC Industrial Area
Pawane MIDC, Navi Mumbai
Pin: 400710

# डुमरी सीट के लिए आज पर्चा दाखिल करेंगी आइएनडीआइए और एनडीए की उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार के शिक्षा मंत्री रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर 5 सितंबर को होनेवाले उप चुनाव में गुरुवार को नामांकन पत्र भरे जाने का अंतिम दिन है।

जानकारी के मुताबिक अंतिम दिन स्व जगरनाथ महतो की पत्नी, हेमंत सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी देवी आइएनडीआइए गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोगता (राजद), मंत्री बादल (कांग्रेस) के अलावा गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद सहित आइएनडीआए गठबंधन के कई नेता मौजूद रहेंगे। इस बाबत जेएमएम के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि आइएनडीआइए प्रत्याशी के नामांकन पत्र भरने के बाद केबी हाइस्कूल के मैदान में चुनावी सभा होगी। सभा को सीएम हेमंत सोरेन समेत साथी दलों के नेता संबोधित करेंगे। उधर, एनडीए उम्मीदवार के रूप में आजसू पार्टी की नेता यशोदा देवी भी गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। बताया गया कि इस दौरान केंद्रीय मंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत कई पूर्व सांसद, विधायक औरं एनडीए गठबंधन के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।


आइएनडीआइए प्रत्याशी बेबी देवी


एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी।


# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत की आजादी का अमृत महोत्सव पर्व सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने 15 अगस्त, 2023 को अत्यंत उत्साह के साथ मनाया। एक विशेष सभा शेयरिंग सिमिलरिटीज, सेलिब्रेटिंग डिफरेंसेज विषय पर आयोजित की गयी। छात्रों को विभाजन की कहानी सुनाई गई ताकि उन्हें अपने पूर्वजों द्वारा किए गए महान बलिदानों के बारे में जानकारी हो। छात्रों ने इस दिन को मनाने के लिए क्राफ्ट भी बनाये। विद्यालय परिसर में प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जय हिंद और वंदे मातरम के नारे लगाये। आजादी की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सेल्फी खींची। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. प्रदीप वर्मा, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची, श्रीमती परमजीत कौर, प्राचार्या, प्रोफेसर (डॉ.) वी.के. सिंह, रजिस्ट्रार, सरला बिरला विश्वविद्यालय, श्री नरहरि दास, मुख्य लेखाकार, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगा फहराने के साथ शुरू हुआ। विद्यालय के चारों सदनों ऋगवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद एवं सामवेद हाउस के बच्चों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत किया जिसका नेतृत्व एनसीसी कैडेट ने किया। छात्रों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया। विद्यालय का प्रेक्षागृह मनमोहक देशभक्ति गीतों से गूंज उठा जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी और छात्रों को झारखंड के महान योद्धाओं बिरसा मुंडा और सिद्धो कान्हो सहित हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली बलिदानों के बारे में याद दिलाया। उन्होंने हमारी संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गयी पहल अपनी माटी, अपना देश के बारे में भी बताया। प्राचार्या परमजीत कौर ने आधुनिक भारत में लोकतंत्र, समानता और स्वतंत्रता के सही अर्थ पर ध्यान केंद्रित कराया और कहा कि स्वतंत्रता के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से हमारी स्वतंत्रता को महसूस करने, समझने, संजोने और एक प्रगतिशील राष्ट्र की दिशा में काम करने का आग्रह किया।












# साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति ने फहराया तिरंगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के 76वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ०) एसपी अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो (डॉ०) एसपी अग्रवाल को विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट के द्वारा परेड की सलामी ली। विश्वविद्यालय परिसर वंदे मातरम और भारत माता की जय के उदघोष से गूंज उठा। कुलपति ने देश के लिए जान न्योछावर करने वाले सभी राष्ट्र नायकों को नमन भी किया। विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ०) एसपी अग्रवाल ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धिया गिनायीं और कहा कि इस बेहद खास और अमूल्य स्वतंत्रता दिवस का हम सभी के जीवन में विशेष महत्व है।

हमें अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। आजादी की कीमत उनसे पूछें जिन्होंने हर कदम पर पहरा देखा और दिन में भी अंधेरा देखा उन्होंने आजाद भारत का सपना खुद के लिए नहीं बल्कि हम लोगों की आने वाली पीढ़ी के लिए और हमारे लिए देखा। साथ ही कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय के सभी संकायों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, षिक्षक-षिक्षिकाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।





# इंडियन ओवरसीज बैंक ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक नेवरी शाखा में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया। मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने झंडोतोलन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दिया और देश की एकता व अखंडता बनाये रखने की शपथ लिया। इस कार्यक्रम में नेवरी शाखा के साथ विभिन्न शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालय से आये वरिष्ठ अधिकारीगण सहित स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। राष्ट्रीय पर्व को सफल बनाने में क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक सुदीप्तो सिन्हा, कार्यक्रम आयोजन कर्ता व नेवरी शाखा प्रबंधक विभूति कुमार, दुमरदग्गा शाखा प्रबंधक विकास कुमार, इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ के झारखंड इकाई के सहायक महासचिव संजय गराई सहित विभिन्न शाखाओं से आये सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



























# आचार्यकुलम विद्यालय प्रांगण में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। आचार्यकुलम विद्यालय प्रांगण में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने गीत, नृत्य-नाटिका, भाषण, तथा अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनोखी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए 77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दीं। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर शास्त्र में अव्वल आने वाले छात्र - छात्रों को धनराशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने राष्ट्रध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आजादी लंबे संघर्ष और सैकड़ो वीर सपूतों के बलिदान का प्रतिफल है। हमारा यह कर्तव्य है कि हम आजादी के मूल्य को समझें और देश के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। बच्चों ने वंदे मातरम शीर्षक गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। शहलोज सिंह ने मेरा भारत शीर्षक कविता तथा खुशी में स्वतंत्रता के मूल्यों पर सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित माइम और धन-धान्य पुष्प से भरा यह वसुंधरा शीर्षक गीत की प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को भावविह्वल कर दिया।

## स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी भवन मे देश की आजादी स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण कर पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मारवाड़ी भवन के परिसर में मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने झंडोत्तोलन किया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने झंडोत्तोलन किया।




## कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुराना विधानसभा सेक्टर 2 में कृष्णा महतो निवर्तमान पार्षद वार्ड 42 के सौजन्य से 4 टीमों की एक दिनी कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि सुबोध सिंह गुड्डू प्रदेश मंत्री भाजपा के उपस्थिति में बबलू 11 जगन्नाथपुर और सोनू 11 हिंनू के बीच फाइनल मैच खेला गया। रोमांचकारी मैच में बबलू 11 ने 2 विकेट शेष रहते 80 रनों का लक्ष्य को पार करते हुए जीत हासिल की विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में 103 लोगों ने किया रक्तदान

रांची (आजाद सिपाही)। स्वाधीनता दिवस महाराजा अग्रसेन भवन में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने झंडोत्तोलन किया। तथा उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों की वीरता और बलिदान की याद आती है स्वतंत्रता एक अनमोल उपहार है। हमें एकता विविधता और प्रगति के उन मूल्यों को कायम रखना चाहिए जिनके लिए हमारा देश खड़ा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल युवा सभा के संयुक्त तत्वधान में अग्रसेन भवन में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं महाराजा अग्रसेन जी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान सेवा महादान सेवा है, इससे बढ़कर कोई भी मानव सेवा नहीं हो सकता,पूरे दिन चली इस मेगा रक्तदान शिविर मे 103 लोगों ने रक्तदान किया। मेगा ब्लड डोनेशन कैंप कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं धन्यवाद- ज्ञापन अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष सौरभ बजाज ने की। ब्लड डोनेशन कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने अपना रक्त दान देकर की। तथा सभी रक्त दाताओं को सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष,मंत्री, सदस्यगण, अग्रवाल युवा सभा,अग्रवाल सभा महिला समिति के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।















# विकास के पथ पर

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं , वहीं आगे के लक्ष्य भी स्पष्ट किए। यह लालकिले से दिया गया प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी भाषण था। यहां से अगला भाषण किसका होगा, यह 2024 के लोकसभा चुनावों के जरिए देश की जनता तय करने वाली है। लेकिन पीएम मोदी की खासियत कही जायेगी कि पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी इस अनिश्चितता की छाया नहीं पड़ने दी। करीब 90 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कई नयी योजनाओं की घोषणा की और पुरानी योजनाओं पर अच्छे ढंग से अमल के कारण होने वाले फायदों का जिक्र किया। विश्वकर्मा योजना, शहरी गरीबों को घर बनाने के लिए आर्थिक मदद और महिलाओं को ड्रोन बनाने की ट्रेनिंग देने की उनकी घोषणा ने खास तौर पर ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री अमूमन देशवासियों को भाइयो और बहनो कह कर संबोधित करते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्हें मेरे प्यारे परिवारजनों का संबोधन दिया। मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि घटनाएं भले पूर्वोत्तर के एक राज्य में हुई हों, उसकी पीड़ा पूरे देश में महसूस की जा रही है। उन्होंने शांति की अपील तो की ही, यह भी आश्वस्त किया कि केंद्र एवं राज्य सरकारें वहां सामान्य स्थिति बहाल करने के अपने दायित्व को पूरा करने में पूरी ताकत से लगी हुई हैं। भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर मुद्दे से भागने के विपक्ष की आलोचनाओं का उन्होंने जवाब दे दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि देश को विकास की राह पकड़ने के लिए करप्शन, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़ना होगा। उनका इशारा यहां विपक्ष की ओर था। वैसे, इस अहम मौके पर नेता प्रतिपक्ष की खाली कुर्सी अच्छा संकेत नहीं दे रही थी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। इस पर विवाद हुआ, लेकिन बाद में खड़गे ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से लालकिले के आयोजन में शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने लालकिले के भाषण में देश से 2047 के लिए तैयार रहने को कहा, जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने तब तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लेने को कहा। यह महत्वपूर्ण लक्ष्य है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और इस दशक के खत्म होने से पहले वह दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। कुछ अनुमानों में कहा गया है कि 2030 तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,000 डॉलर सालाना हो जायेगी। तब भारत मिडल इनकम देश होगा। अगर सही नीतियां अपनायी जायें और सुधार जारी रखे जायें तो 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल भी किया जा सकता है। यह लक्ष्य मुश्किल जरूर है, नामुमकिन नहीं।

**पीएम मोदी की खासियत कही जायेगी कि पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी इस अनिश्चितता की छाया नहीं पड़ने दी। करीब 90 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कई नयी योजनाओं की घोषणा की और पुरानी योजनाओं पर अच्छे ढंग से अमल के कारण होने वाले फायदों का जिक्र किया।**

**इस नीति को शिक्षा को आजाद करनेवाली नीति मूल रूप से इसलिए भी कहा जा रहा है, क्योंकि 2020 से ठीक 185 साल पहले 1835 में आयी ब्रिटिश शिक्षा नीति का प्रभाव अब तक दिखता रहा है। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा अंग्रेजी बोलनेवालों को उच्च और अच्छी नस्ल मानता था, ठीक उसी प्रकार आज भी कुछ विद्वान कहे जानेवाले लोगों के लिए भी पढ़े लिखे का मतलब केवल अंग्रेजी बोलना आता हो, यही समझा जाता है।**

# स्वतंत्रता के 75 साल बाद 'शिक्षा' हुई आजाद



**डॉ भारद्वाज शुक्ल**



कहते हैं भारत की आजादी का सही अर्थ उनसे पूछिए जो सन 1947 से पहले अंग्रेजों के गुलामी का दंश झेल रहे थे। वैसे हीं 'शिक्षा' अब कैसे आजाद हुई इस प्रश्न का जवाब उनसे पूछना होगा जो पूर्व में चल रही शिक्षा पद्धति के कारण आज की समस्याओं से घिरे हों। उन बच्चियों से पूछना चाहिए जो पढ़ना तो चाहती थीं, किंतु इसलिए नहीं पढ़ पायीं क्योंकि या तो एक साल स्नातक की पढ़ाई के बाद पिता के पास आर्थिक समस्या आ गयी थी या शादी के बाद वो किसी दूसरे शहर में चली गयी या कोई अन्य कारण। उनसे पूछना होगा, जो अपने इंजीनियरिंग की 'शिक्षा' के साथ अपने अंदर के संगीत को भी जीवंत रखना चाहते थे, किंतु नहीं रख पाये। उनसे पूछना होगा, जिनके अंदर दो डिग्री साथ करने की योग्यता तो थी किंतु कर न पाये। उनसे पूछना होगा, जिनके पास डिग्री के साथ योग्यता भी है, किंतु उनके डिग्री का मूल्य कभी नहीं हुआ और वो नौकरी के लिए तरसते रहे जैसे कि उन्होंने पढ़ लिख के कोई अपराध कर दिया हो। इनके साथ और बहुत सारी कठिनाइयों के साथ हमारी शिक्षा व्यवस्था तो विदेशी गुलामी के दौर में ही थी। अब प्रश्न यह उठता है कि ऐसा क्या हुआ है जिससे लगता है कि बेड़ियों में बंधी या बांधनेवाली 'शिक्षा' अब आजाद हो जाएगी या वास्तव में आजाद कर पाएगी अर्थात जो 'सा विद्या या विमुक्तये' को चरितार्थ करने में सामर्थवान बन पायेगी।

**अब हम यह कह सकते हैं कि एनइपी- 2020 के कारण भारत की शिक्षा अब मैकाले की सोच से आजाद हो रही है।**

इस संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 का लागू होना महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति कई समस्याओं या बाधाओं से जूझते शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के लिए एक आशा की किरण बनकर आयी है। शिक्षा में बढ़ रही कठिनाइयां और औपचारिकताएं अब भारत के विकास की बाधक बन रही थी। बढ़ रही जनसंख्या को भी पूर्व की शिक्षा पद्धति के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार मिलने में मुश्किलें हो रही थी।

भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के इस दौर में पुरानी व्यवस्था पर जब व्यक्ति शिक्षा ग्रहण करके अपने विकास के लिए ही धक्के खाता था, तो देश के विकास की गाथा लिखने में कैसे कामयाब हो सकता। हर क्षेत्र में गलाकाट प्रतियोगिता चरम पर है और बाजार की मांग जीवन की प्राथमिकताओं को सुनिश्चित कर रही है, ऐसे में शिक्षा में अनुशासन के साथ एक तरह का लचीलापन प्रदान करना, गुणवत्ता में बिना कोई कमी लाये भारत की बड़ी जनसंख्या को शिक्षा प्रदान करना, विभिन्न संस्कृतियों और भारत की विविध क्षेत्रीय मातृभाषाओं में शिक्षा प्रदान करना, भारत के विद्यार्थियों में भारतीयता के साथ आधुनिक कुशलता प्रदान करना या कुल मिलाकर कहें तो कुछ ऐसी हमारी आदर्श गुरुकुल की व्यवस्था में स्मार्ट क्लासेज जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षा में वो शिक्षा प्रदान करना जिसमें गलाकात प्रतियोगिता करते हुए किसी एक के आगे बढ़ने की गुंजाइश खत्म करके किसी अन्य को सफल बनाने की योजना न बने। जिस शिक्षा में सर्वांगीण विकास की वास्तविक संभावना हो और जिसकी जैसी आवश्यकता वैसी शिक्षा, जिसमें कुशलता हो उन्हें एक डिग्री के बाद ही दूसरा क्यों करना पड़े, दोनो साथ क्यों नहीं हो सकता। किसी उड़ियाभाषी विद्यार्थी को अंग्रेजी सीखकर ही पाठ्यपुस्तक समझ में क्यों आये? कम से कम शुरुआती शिक्षा मातृभाषा में क्यों नहीं? उच्च शिक्षा या शोध के लिए भी मातृभाषा में प्रयोग के परिणाम या प्रक्रिया को समझनेवाले को अंग्रेजी सीखनी जरूरी क्यों है? इन सभी समस्याओं को हल करने की जिम्मेदारी अब एनइपी -2020 की है और लागू करनेवाली आइआइटी कानपुर जैसे संस्थान ने जब हिंदी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की तो अपनी भाषा जाननेवाले लोगों के आशाओं की पूर्ति शुरू हुई। हिंदी में वर्षों से पढ़ा रहे संस्थानों में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी का नाम लिया जाता था और हिंदी भाषियों के लिए प्रोफेशनल कोर्स भी करने का एकमात्र केंद्र दिखता था। अब भाषा किसी के लिए बाधा न बने इसलिए प्रधानमंत्री ने एनइपी- 2020 के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'शिक्षा समागम' में घोषणा की कि विधिसम्मत स्वीकृत सभी 22 भाषाओं में लगभग 130 पाठ्यपुस्तकें जल्द ही उपलब्ध होंगी। इसके दो तात्कालिक फायदे हैं जो इस नीति के कारण संभव हुआ है। पहला तो ये कि कक्षा का कोई विद्यार्थी एलियन जैसा अलग थलग न पड़े और अपनी अपनी भाषाओं के साथ सभी बाधा रहित सुविधाजनक अधिगम वातावरण में एक साथ सफलता की ओर बढ़ें और दूसरा ये कि भारत की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा वैश्वीकरण की चुनौतियों में संप्रेषण आधारित एक ऐसी सशक्त श्रृंखला का निर्माण करे, जिससे सभी में शिक्षा समझ के साथ विकसित हो और सभी चुनौतियों को अवसर में बदल सकें।

इस नीति को शिक्षा को आजाद करनेवाली नीति मूल रूप से इसलिए भी कहा जा रहा है, क्योंकि 2020 से ठीक 185 साल पहले 1835 में आयी ब्रिटिश शिक्षा नीति का प्रभाव अब तक दिखता रहा है। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा अंग्रेजी बोलनेवालों को उच्च और अच्छी नस्ल मानता था, ठीक उसी प्रकार आज भी कुछ विद्वान कहे जानेवाले लोगों के लिए भी पढ़े लिखे का मतलब केवल अंग्रेजी बोलना आता हो, यही समझा जाता है।

इस तरह का आघात उस शिक्षा ने भाषा पर ही नहीं किया था, बल्कि पूरी संस्कृति को कम करके देखना, पहले से चली आ रही शिक्षा ने सिखाया था। दुर्भाग्य से सन 1968 और 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतियां भी इस स्थिति को बदलने में कामयाबी नहीं पायी थीं। इस तरह अब तक की शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा पद्धति मैकाले सोच की गुलाम ही थीं। हमारी शिक्षा व्यवस्था ने हमें भारतीय होने पर गर्व की अनुभूति ना कराते हुए पाश्चात्य विचार और जीवन शैली को केवल श्रेष्ठ और कारगर साबित करने में ही लगी रही, जबकि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य व्यक्ति के अंदर अंतर्निहित क्षमताओं का विकास करना एवं उनके अंदर चरित्र, ज्ञान आत्मबल के साथ-साथ आत्मविश्वास पैदा करना है। यह भी अतिशयोक्ति नहीं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लागू होने के बाद अब जाकर शिक्षा भारत की भारतीयता के साथ आयी है।

आजादी का मतलब केवल भौगोलिक एवं औपनिवेशिक रूप से आजाद होना ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं वैचारिक रूप से भी स्वतंत्र एवं मुक्त होना है। आजादी के 75 वर्षों तक शासन-प्रशासन तो भारतीय के हाथों में जरूर रही लेकिन वैचारिक रूप से हम भारतीय चिंतन पद्धति के हिसाब से अपने शिक्षण पद्धति को पूर्ण रूप से लागू करने में और असक्षम ही रहे। इसलिए अब हम यह कह सकते हैं कि एनइपी- 2020 के कारण भारत की शिक्षा अब मैकाले की सोच से आजाद हो रही है। भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के सपनो के अनुरूप भारतीय चिंतन से युक्त राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित नागरिकों के निर्माण करने में शिक्षा आत्मनिर्भर एवं उन्मुक्त बन सकेगी। एनइपी -2020 में सहभागी सभी बौद्धिक योद्धाओं को श्रद्धेय नमन!

**(लेखक : सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)**

## हजारीबाग/कोडरमा की खबरें

### अभिषेक कुमार की पुण्यतिथि मनायी गयी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सीबीएसई से मान्यता प्राप्त अभिषेक कुमार मेमोरियल पब्लिक स्कूल कटिया परसाबाद जयनगर के संस्थापक अभिषेक कुमार की चौथी पुण्यतिथि विद्यालय परिवार में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने इनके तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सिंह ने कहा कि अभिषेक कुमार इस विद्यालय के संस्थापक के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय को नई दिशा देने के लिए उन्होंने काफी मेहनत किया था। परंतु भगवान ने उन्हें अपने श्री चरणों में आज से 4 वर्ष पहले स्थान दिया परंतु उनके त्याग और बलिदान को विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक तरुण कांत, भीम कुमार यादव, उमेश कुमार, राजीव कुमार रंजन, खुशी कुमारी, रेखा कुमारी, नीलम कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय टाटीझरिया में उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उन्हे याद करते हुए भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव और सांसद प्रतिनिधि कैलासपति सिंह,महेश अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धेय बाजपेयी जी प्रख्यात कवि,लेखक,संपादक और विचारक के साथ साथ एक सफल राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने देश को एक प्रधानमंत्री के रूप में नई दिशा दी थी। उन्होंने कहा था भारत गावों का देश है और इसकी आत्मा गावों में निवास करती है। इसलिए गावों के विकास पर इनका फोकस रहता था। उनके पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने बारी –बारी से उनके तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर एमके पाठक,अनिल प्रसाद,रजनीकांत चौधरी,अजय सिंह,अर्जुन राणा,सहदेव यादव,बोधी महतो,नारायण नायक समेत अन्य उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में आजादी का जश्न

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सरकारी /गैर सरकारी कार्यालय शिक्षन संस्थान समेत विभिन्न क्षेत्रों में झंडोतोलन कर तिरंगे को सलामी दी गयी। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यालय में प्रमुख जैबुन निशा, बीआरसी कार्यालय में बीपीएम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह,चेडरा पंचायत भवन में मुखिया निर्मल कुमार, थाना में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,प्लस टू हाई स्कूल में प्रधानाचार्य फणीश्वरनाथ महतो,मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में प्रधानाध्यापक, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्य विद्याभूषण मिश्र,बिपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में निदेशक किशोर कुमार मण्डल,एम्बिशन पब्लिक स्कूल में निदेशक विवेक कुमार, जीवन ज्योति उच्च विद्यालय करगालो में झामुमों नेता गौरव पटेल एवं जिप सदस्य शेख तैयब ,हेरिटेज पब्लिक स्कूल में निदेशक दिनेश यादव,विष्णुगढ़ पंचायत भवन में मुखिया पूनम कुमारी दास, मडमो पंचायत भवन में मुखिया कुंती कुमारी, चानो पंचायत भवन में मुखिया गीता देवी, बिरहोर टोला पंचायत भवन में मुखिया निर्मल कुमार डुमरिया टांड विद्यालय में पसस बहराम हंसदा ने झंडोतोलन किया।

### आम्रपाली महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम अमरेश कुमार सिंह ने फहराया तिरंगा

# ऊर्जा जरूरतों का 80 फीसदी है कोयले का भंडारण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**टंडवा।** आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीएम अमरेश कुमार सिंह ने झंडोतोलन कर तिरंगे की सलामी दिया।इस अवसर पर उन्होंने कहा की देश की आजादी के लिये लाखो माताये,बहने,भाई,पिता पूर्वजो को टिका लगाकर विदा किया। यह तिरंगा शक्ति, सच्चाई, और देश का प्रतिनिधित्त्व, हमारा सामर्थ्य का प्रतीक है। हमारे पूर्वजो की दिया हुआ शहादत बिलिदानी को बचाये रखने के लिये हम सभी नागरिको का दायित्त्व और कर्तव्य बनता है। हमारा देश में कोयला का 80% ऊर्जा का स्त्रोत है। पूर्वजो ने देश में एक सपना देखा था कोयला आयात मुक्त भारत जो आज लगभग सौ मिलियन टन कोयला आयात होता है।और बहुत कम समय में कोयला आयात मुक्त भारत बन जायेगा। पिछला वित्तीय वर्ष 18 मिलियन टन कोयला उत्पादन करके नंबर आम्रपाली नंबर 1 पर रहा था।इस वित्तीय वर्ष में 24 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है,जिसमें पिछले वर्ष से 10% अधिक कोयला उत्पादन किया जा चूका हैं।उन्होंने सीसीएल कर्मियो और स्थानीय रैयतों, विस्थापितों, प्रभावितों के सहयोग से आम्रपाली परियोजना आगे बढ़ रहा है। इसके लिये वे सभी के लिये उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद की शुभकामना संदेश पढ़ी गयी। ततपश्चात परियोजना के लिये बहेतर सेवा देने वाले कर्मियो, मजदूरो को उपहार भेंट कर उत्साह वर्धन किया गया।

# उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने झंडा फहराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मुख्य कार्यक्रम स्थल बागीटांड़ स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम प्लाटुनों और विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की पहल पर इसी माह पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड द्वारा तिलैया डैम को राष्ट्रीय स्तर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यटक क्षेत्र के रूप में उत्क्रमित करते हुए अधिसूचित किया गया है, जो इस जिला के लिए गौरवान्वित करने का क्षण है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि सदर अस्पताल, कोडरमा में ऑक्सीजन पाइप लाइन के साथ वेंटीलेटर तथा शय्या मॉनिटर के साथ इमरजेंसी ट्रोमासेन्टर, बर्न वार्ड, टीबी वार्ड, मेन्टल वार्ड की स्थापना के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत इलाजरत मरीजों के लिए वातानुकुलित 30 शय्या वाला आयुष्मान वार्ड भी बनाया गया है। ई-गवर्नेंस के तहत 10 प्रशिक्षण केन्द्र में 20 हजार से अधिक लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर लगभग एक हजार से अधिक लोगों द्वारा एजेंसियों से जुडकर रोजगार प्राप्त किया है। 60 आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया गया। जल संरक्षण के लिए लगभग 500 वाटर स्ट्रक्कर बनाये गये।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी और कर्मी सम्मानित**

उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने संयुक्त रुप से जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र पाने वाले सुखदेव राणा, अविनाश कुमार, आरती देवी, संचय कुमार, मो. इस्तियाक अंसारी, ताराबेला हेमरोम, कैलाश दास, मालो देवी, रितु देवी, राजेश कुमार, सियाराम, किशुन कुमार, गुलाब रविदास, मिथिलेश भुईयां, प्रेम रजक, निशा भारद्वाज, कुमार शशिभूषण सिंह, विरेश कुमार, अवधेश कुमार सिंह, आनंद कुमार साह थाना प्रभारी सतगांवा, अमृत खलको ओपी प्रभारी तिलैया डैम, उपेन्द्र पंड़ित यातायात तिलैया, जवाहर लाल पुलिस निरीक्षण, अजय कुमार पांडेय, सकलदेव पासवान, समीम खान एवं सुरेश प्रसाद साव शामिल है। इसके अतिरिक्त स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों के पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### बंधन बैंक में हुआ झंडोत्तोलन

कोडरमा स्थित बंधन बैंक में शाखा प्रबंधक जय शिव कुमार ने तिरंगा फहराया। मौके पर बैंक कर्मी सोमा कुमारी, अजय पांडेय, प्राची कुमारी, रंजीत यादव, उमेश राणा, कुंदन कुमार, राजेश भारती, प्रदीप के अलावा जगदीश कुमार, राजेश बर्णवाल, गौतम मल्होत्रा, रणजय कुमार, नरेंद्र लाल, सोहराब अहमद मौजूद थे।

### पेंशनर समाज कार्यालय में हुआ झंडोत्तोलन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर समाज कार्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर पेंशनर समाज के कई सदस्य मौजूद थे। इस दौरान तिरंगे को सलामी भी दी गई।

### महात्मा गांधी और आंबेदकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना समेत जिला के वरीय पदाधिकारियों ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप स्थित बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर एवं कोडरमा बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### फैक्ट्री में ब्लास्ट, तीन मजदूर घायल

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया गझंडी रोड स्थित प्रतीक आयरन एंड स्टील फैक्ट्री में मंगलवार की देर संध्या लगभग 6:30 बजे जनरेटर ब्लास्ट होने से 3 मजदूर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार 3 मजदूरों में 1 मजदूर गंभीर रूप से घायल है। तीनों मजदूरों का प्राथमिक उपचार तिलैया स्थित एक निजी नर्सिंग होम में कराकर रांची रेफर कर दिया गया है। मामले की जानकारी होने पर तिलैया थाना की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। बाद में मामले की जानकारी होने पर देर शाम एएसपी प्रवीन पुष्कर भी उक्त क्लीनिक एवं फैक्ट्री जाकर मामले की जानकारी प्राप्त की। तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि उक्त फैक्ट्री में जनरेटर ब्लास्ट होने के कारण 3 मजदूर घायल हो गए हैं जिनका प्राथमिक उपचार करा कर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।

### सडक दुघर्टना में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत बुधवार की शिवसागर के समीप सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान राजू यादव (उम्र 60 वर्ष, पिता सुरज यादव) एवं राजू मेहता (उम्र 60 वर्ष पिता स्वर्गीय नारायण मेहता) दोनों डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों एक बाइक से भेलवाटांड से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान शिव सागर के समीप एक बकरी को बचाने के क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# सीसीएल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

## सीसीएल कोयले का उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष महत्व देती है: डॉ रेड्डी





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल के मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुख्यालय में तिरंगा फहराया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। डॉ रेड्डी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल निरंतर देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सीसीएल के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी ने विगत वर्ष अपने 76 मिलियन टन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी कंपनी अपने निर्धारित 84 मिलियन टन को अवश्य पूरा करेगी। ज्ञात हो कि सीसीएल कोयले का उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी विशेष महत्व देती है। डॉ रेड्डी ने पर्यावरण संरक्षण को रेखांकित करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने कमान क्षेत्र और उसके आस-पास के क्षेत्रों में पौधरोपण किया जा रहा है। बता दें कि सीसीएल द्वारा अब तक 5 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को जैविक रूप में पुनः स्थापित कर 90 लाख से अधिक पौधरोपण किया गया है और साथ ही साथ 63 करोड़ की लागत से 9 इको-पार्क भी विकसित किया जा रहा है। कंपनी अपने हितधारकों के स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और रोजगार सहित समावेशी विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सीसीएल के 11 सुरक्षा जवानों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सीएमडी, निदेशकगण और सीवीओ द्वारा गुब्बारें उड़ाकर किया गया।

इस मौके पर सीसीएल के निदेशक (तक./संचा) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. और परि.) बी साईराम और सीवीओ पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिकसंघों के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

# स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन हुआ

**स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी ने 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी का झारखंड प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया गया। रांची के शिवाजी चौक, बूटी मोड़ के समीप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी ने पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। रामप्रकाश तिवारी ने कहा कि तमाम प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं के समाधान करने की मांग को लेकर स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी ने लगातार आंदोलन किया हैं। स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी आने वाले समय में आम जनता के अधिकारों को लेकर आंदोलन करेंगी। व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ेंगी और आगामी 2024 में स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी लोकसभा के 14 सीट पर और झारखंड विधानसभा के 81 सीट पर शिक्षित ईमानदार युवा को टिकट देंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा आगामी 2024 को होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी ने घोषणापत्र जारी कर दीं हैं। पूर्व और वर्तमान सरकार के जन विरोधी कार्यों, नीतियों के खिलाफ आम जनता को जागरूक किया जायेगा। जल्द ही पार्टी एचइसी की बदहाली, कामगार का शोषण के खिलाफ आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में विशाल, विवेक त्रिपाठी, विरेंद्र साव, संजय कुमार, आकाश देशप्रेमी, ओमप्रकाश दुबे, विमल कुमार महतो, अरविंद कुमार दुबे, रेखा रानी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जानकी प्रसाद यादव
पूर्व विधायक बरकट्ठा विधानसभा

चंदन देवी
पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हजारीबाग झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

राजकुमार चौधरी
युवा समाजसेवी
झुरझुरी बरकट्ठा
हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

कलीम खान
पूर्व जिप सदस्य
प्रतिनिधि सह समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

मंजु देवी
पति बिनोद प्रसाद
पंचायत समिति सदस्य
झुरझुरी, बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

दीपक महाकाल
युवा समाजसेवी
बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

मनोज मुर्मू
( प्रखंड सचिव)
भारत जकात मांझी
परगना महाल
बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

प्रियंका कुमारी
मुखिया झुरझुरी पंचायत
बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

मो.यासीन उर्फ बाबू खान
जिला उपाध्यक्ष झामुमो
बरकट्ठा हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

फिरोज खान/ संजय पंडित
(निदेशक) विजन पब्लिक स्कूल बेडोकला बरकट्ठा
*नोट- हमारे यहां अनुभव शिक्षकों के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है।*

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

शैलेश कुमार
(निदेशक) आईलेक्स पब्लिक स्कूल पंचमाधव बरही
*नोट- अनुभव शिक्षकों के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है।*

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

बिनोद प्रसाद
झारखंडी एकता संघ मुंबई
राष्ट्रीय सचिव
सह भाजपा झारखंड सेल
मंत्री, बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

रिंकी देवी
पति देवेन्द्र पाण्डेय
मुखिया पंचायत बेडोकला
बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

हीरालाल राणा
(प्रधानाध्यापक)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
तुइयो, बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

पवन कुमार
(प्रधानाध्यापक)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
बरवां, बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

राजेंद्र प्रसाद
(निदेशक)आर पी एस पब्लिक स्कूल झुरझुरी महाबर मोड़
सलैया रोड, बरकट्ठा
*नोट- हमारे यहां योग्य शिक्षक एंव आधुनिक तकनीक से शिक्षा दी जाती है।*

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

यूसुफ अंसारी
पंचायत समिति सदस्य
पंचायत बेडोकला
बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

गौरीशंकर चौधरी
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष
बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

प्रेरणा प्रिया
पति चंद्रकांत पांडेय
जिप सदस्या बरकट्ठा
हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

विजय प्रसाद
पोषाहार विक्रेता रुपा ट्रेडर्स बैंक आफ इंडिया के नजदीक बरकट्ठा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निकेश डे
(प्रधानाचार्य)
गलैक्सी पब्लिक स्कूल
रागडीह चलकुशा

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

गुड़िया देवी
पति बच्चन देव कुमार
पंचायत समिति सदस्य
पंचायत गंगा पांचो

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई
*हमारे यहां सभी बिमारी का ईलाज व अल्ट्रासाउंड व जांच का अनुभवी डाक्टरों द्वारा किया जाता है*

प्रो. इम्तियाज भारती
जे.एस. क्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर बरकट्ठा हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस की बरकट्ठा वासियों को बधाई

महेश चौधरी
(प्रधानाध्यापक)
राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा
हजारीबाग

# माओवादी हमले में शहीद झारखंड जगुआर के सब-इंस्पेक्टर अमित पंचतत्व में विलीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादी हमले में शहीद हुए झारखंड जगुआर के सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी पंचतत्व में विलीन हो गये। उनके पैतृक गांव पलामू के तोलरा में बुधवार सुबह राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम, आइजी राजकुमार लकड़ा, एसपी रिष्मा रमेशन, एएसपी ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पहले अमित कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार देर रात करीब दो बजे तोलरा गांव स्थित उनके घर पहुंचा था। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए रात से ही



काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। पार्थिव शरीर घर पर आते ही परिजन रोने लगे।

चाइबासा के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल में सोमवार की देर शाम सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के 2012 बैच के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और हवलदार गौतम कुमार बलिदान हो गये। दोनों जवानों का पार्थिव शरीर 15 अगस्त को रांची लाया गया था। रांची के रिम्स में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। फिर झारखंड जगुआर कैंप में दोनों जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। यहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत डीजीपी व अन्य अधिकारियों ने दोनों जवानों श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि के बाद दोनों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव भेजा गया। घटना के तीन दिन पहले ही अमित की पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया था। शहीद अमित बेटे से मिल भी नहीं पाये। उन्होंने केवल मोबाइल में ही बेटे की तस्वीर देखी थी। अमित कुमार तिवारी के पिता देवेंद्र तिवारी पेशे से किसान हैं। अमित के चाचा निरंजन कुमार तिवारी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। वे झारखंड में ही तैनात हैं।

**बेकार नहीं जाएगी शहादत : सांसद**

मित कुमार तिवारी के अंतिम संस्कार में पहुंचे पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू के धरती के लाल अमित कुमार तिवारी की शहादत कभी बेकार नहीं जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और सेना की सेवा में शहादत गर्व की बात है लेकिन इसके लिए शहीद के परिजनों को जो कीमत चुकानी पड़ती है, उसका कोई मोल नहीं हो सकता। फिर भी इस संकट की घड़ी में वे सरकार की ओर से परिजनों के साथ हैं।






















































































# सार्वजनिक कार्यक्रमो में बतौर अतिथि शामिल हो रहे हैं फरार इश्तेहारी अभियुक्त

## कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रदेश सचिव का मामला बन गया है चर्चा का विषय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** ये सिस्टम की लाचारी है या राजनीतिक दबाव है कि जिस व्यक्ति के घर में पुलिस के द्वारा फरारी इश्तिहार चिपकाया जा रहा है वह व्यक्ति स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर अतिथि सार्वजनिक रूप से शामिल दिखाई दे रहा है। यहां बात हो रही है कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव घाघरा निवासी शिव कुमार भगत उर्फ टुनटुन की। गुमला पुलिस ने उक्त आरोपी के आवास घाघरा जा कर फरारी इश्तहार चपकाया। लेकिन पुलिस की नजर में फरार चल रहे शिव कुमार भगत स्वतंत्रता दिवस के कई समारोह में भाग लेते हैं और उस कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद होते हैं। पूरा मामला यह है कि

28 अगस्त 2022 को रमेश चीनी ने सदर थाना में कांग्रेसी नेता शिव कुमार



भगत की पत्नी संध्या भगत के विरुद्ध लिखित आवेदन देते हुए कहा था कि लोहरदगा मार्ग घाघरा स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत माँ महदनिया पेट्रोल पंप संचालित है।जिसे 4 वर्ष 11 माह तक के लिए किराए में देने हेतु संध्या भगत के द्वारा वर्ष 2018 में लिखित एकरारनामा के साथ 15 लाख रुपये सिक्युरिटी मनी चेक संख्या 466087 व 682180 से लिया गया।इस दौरान गवाह के रूप में संध्या के पति शिवकुमार भगत के अलावे दो स्वतंत्र गवाह के रूप में कांग्रेसी के ही नेता अकील रहमान व रामनिवास प्रसाद मौजूद थे। लिखित एकरारनामा में यह तय हुआ था कि संध्या भगत के द्वारा संचालित पेट्रोल पंप को 25 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 30 जुलाई 2021 से चार वर्ष 11 माह तक के लिए किराया में दिया जाएगा।साथ ही अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक माह के पांच तारीख को किराया देय होगा। वही सिक्युरिटी मनी 15 लाख का कोई भी ब्याज देय नही होगा।और संध्या भगत के एक्सिस बैंक गुमला शाखा जो मां महदानिया पेट्रोल पंप के नाम से संचालित है उस खाते में हस्ताक्षर का प्राधिकार रमेश कुमार चीनी को देंगे। ताकि पंप सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।मगर बार बार आग्रह व वकालतन नोटिस दिए जाने के बावजूद भी संध्या भगत ने न तो पेट्रोल पंप के संचालन का अधिकार दिया। और न ही 15 लाख सिक्युरिटी मनी रमेश को वापस किया। इसके बाद रमेश कुमार चीनी 21 फरवरी 2022 को जब उपरोक्त स्वतंत्र गवाहों के साथ संध्या भगत के घर निवेदन करने गये तो संध्या भगत ने स्पष्ट सिक्युरिटी मनी 15 लाख रुपये वापस देने अथवा पंप का जिम्मा देने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही उसने पति शिवकुमार भगत के साथ मिलकर रमेश के साथ लप्पड़ थप्पड़ व धक्का मुक्की कर मारपीट करते हुए पुनः आने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। मामला न्यायालय में आया और न्यायलय के आदेश पर सदर थाना की पुलिस ने एसआई विवेक चौधरी के नेतृत्व में घाघरा स्थित शिवकुमार और संध्या भगत के आवास पर इस्तेहार चिपकाया दिया। लेकिन 15 अगस्त के दिन अतिथि के रुप में शिव कुमार भगत का सार्वजनिक कार्यक्रमों में शमिल होने के विडियो वायरल होने के बाद यह मामला जोरदार तरीके से चर्चा में आ गया है। भुगतभोगी रमेश कुमार इस मामले में खुद हतप्रभ हैं। वह कहते हैं कि उन्हे न्यायलय पर पूरी आस्था है। लेकिन पुलिस द्वारा पोस्ट चिपकाए जाने के बावजूद आरोपी का खुलेआम सार्वजनिक कार्यक्रम स्थलों में पुलिस की मौजूदगी में बतौर अतिथि मंचासिन होना बिल्कुल समझ से परे है। इस मामले में इस बार शिव कुमार भगत फंसते दिखाई दे रहे हैं। अब ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो समय ही बताएगा। लेकिन कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और कांग्रेस के प्रदेश सचिव के बीच का यह विवाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका खारिज

रांची। साहिबगंज के खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर बुधवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने कृष्णा साहा को जमानत देने इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इडी ने एक हजार करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मामले में कृष्णा साहा को 6 जून को गिरफ्तार किया था।

JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Request For Proposal (RFP)**
**for**

**Selection of Service Provider for Installation of Video Conferencing System at District and Sub Divisional Court of Jharkhand**

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT) on behalf of Department of Information Technology & e-Goverance, Govt. of Jharkhand invites responses from reputed and experienced company/agency on the Request for Proposal (RFP) for the purpose of "Selection of Service Provider for Installation of Video Conferencing System at District and Sub Divisional Court of Jharkhand".

The details of the tender is as under:

| | Tender Reference number | JAPIT/VC/Court/01/2023 |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Installation of Video Conferencing System including Display and UPS a t District and Sub-Divisional Court of Jharkhand. |
| 2. | Tender Cost | 10,000/- (Rupees Ten Thousand only) Non-refundable in form of Demand Draft from Nationalized Bank. |
| 3. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 10,00,000 /- (Rupees Ten Lakhs ) only in the form of Bank Guarantee (Validity 180 days ) in favour of CEO, JAP - IT payable at Ranchi, Jharkhand. |
| 4. | **Availability of Tender Online for bidding** | |
| i. | Bid publishing Date | 17-08-2023 6:00 PM |
| ii. | Pre-bid meeting | 29-08-2023 12:30 PM |
| iii. | Start date of bid submission | 08-09-2023 11:30 AM |
| iv. | Last date and time of Online Bid Submission | 14-09-2023 03:00 PM |
| v. | Technical Bid Opening | 15-09-2023 03:30 PM |
| vi. | Commercial Bid Opening | To be informed later. |

Interested participants may download the RFP document from the portal htpps://jharkhandtenders.gov.in from 17/08/2023, 6:00 PM onwards.

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR 304766 Information Technology(23-24)D

# बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने स्वतंत्रता दिवस मनाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय प्रांगण में 77 वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर धूमधाम से झंडोत्तोलन किया गया। झंडोत्तोलन उपरांत बाबा विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की एवं राज्य सरकार से मिथिला वासी द्वारा चलाये जा रहे मैथिली भाषा को क्षेत्रीय भाषा में शामिल करने की बात दोहराई। कार्यक्रम में पूर्व मेयर, रांची नगर निगम सह संगठन मंत्री भाजपा के आशा लकड़ा एवं पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय शामिल हुए। अतिथि एवं कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारीगण ने बाबा विद्यापति की नयी प्रतिमा का लोकार्पण किया।

बाबा विद्यापति जी की प्रतिमा समिति के कार्यालय में स्थापित की जायेगी। लकड़ा जी को भाजपा संगठन मंत्री बनाने के खुशी में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा एवं सभी पदाधिकारीगण के समक्ष बाबा विद्यापति स्मारक समिति का मोमेंटो, तैल चित्र, शॉल आदि से सम्मानित किया गया।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने 15 अगस्त को 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक कोयला खनन एमवीआर रेड्डी ने तिरंगा झंडा फहराया और भारत की आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधान मंत्री ने इस वर्ष भारतीय स्वतंत्रता के 76 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में हर घर तिरंगा पहल का नेतृत्व किया। देश भर में बिजली की मांग में वृद्धि पर जोर देते हुए उन्होंने कोयला खनन टीम से एनटीपीसी थर्मल स्टेशनों की कोयले की मांग को आंशिक रूप से पूरा करने की जिम्मेदारी साझा करने को कहा। श्री रेड्डी ने बताया कि एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता बढ़कर 73024 मेगावाट हो गयी है। इसमें 50 एनटीपीसी स्टेशन शामिल हैं। इनमें से 26 कोयला आधारित स्टेशन हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण ईंधन के साथ बिजली उत्पादन के हमारे मुख्य व्यवसाय को समर्थन देना हमारी कैप्टिव खदानों से टिकाऊ कोयला उत्पादन बनाए रखना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। एनटीपीसी के पास वर्तमान में 71 एमएमटीपीए की अनुमानित




अधिकतम रेटेड खदान क्षमता वाले सात कोयला ब्लॉक हैं। एनटीपीसी पहले से ही चार खदानों यानी पकरी-बरवाडीह, दुलंगा, तलाईपल्ली और चट्टी-बरियातू से कोयला उत्पादन कर रहा है। एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अपनी खदानों से कुल 23.20 एमएमटी कोयला उत्पादन हासिल किया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 65प्रतिशत अधिक उत्पादन है। वित्त वर्ष 23-24 की पहली तिमाही में कोयला उत्पादन 8.59 एमएमटी है, जो एनटीपीसी द्वारा किसी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है और वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही की तुलना में 101 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि आज तक एनटीपीसी कोल माइनिंग ने हमारे बिजली संयंत्रों को लगभग 81 मिलियन टन कोयला भेजा है। श्री रेड्डी ने एनटीपीसी खनन व्यवसाय की भविष्य की योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि एनटीपीसी ने एक पूर्ण



स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) को शामिल किया है और भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने एनटीपीसी की कोयला खदानों को एनएमएल में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है। अब परिसंपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रियाएं की जायेगी। सम्मान समारोह में सीएमएचक्यू के दस कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहनीय पुरस्कार दिये गये।

**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग। (झारखंड)**

जिला स्कूल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग। (झारखंड) पिन–825301

**–ःआवश्यक सूचनाः–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक जो दिनांक 17.08.2023 को आयुक्त–सह–अध्यक्ष,उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल,हजारीबाग के सभागार–कक्ष में आहुत थी,अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। बैठक की अगली तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 304751 Transport(23-24)#D

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**(Email Id:-socialsechzb@gmail.com, Landline No:-06546-262869)**

**आम सूचना**

निदेशक, सामाजिक सुरक्षा विभाग, निदेशालय,झारखण्ड रॉची के पंत्राक–352 दिनांक 03.08.2023 एवं विभागीय संकल्प के मार्ग निदेश के आलोक में पेंशन योजनाओं के लाभुको का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में पेंशन के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतू पंचायत स्तरीय अंकेक्षण दल का गठन किया जायेगा जिसके लिए निम्न प्रकार से कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है:–

| क्र0 | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 17.08.2023 | अंकेक्षण दल का गठन |
| 2. | 18.08.2023 | प्रखण्ड स्तर पर अंकेक्षण दल का प्रषिक्षण एवं भौतिक सत्यापन सामग्री उपलब्ध करना। |
| 3. | 19.08.202 से 28.08.2023 तक | पंचायत के सभी लाभुको का भौतिक सत्यापन करना। |
| 4. | 31.08.2023 | सभी पंचायत के प्रतिवेदन का समेकन एवं संबंधित लाभुकों को नोटिस निर्गत करना। |
| 5. | 02.09.2023 | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुको की सूची उक्त वर्णित कार्यालय मे चिपकाना। |
| 6. | 08.09.2023 | प्राप्त आपत्ति का निराकरण एवं भौतिक सत्यापन के पश्चात् मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुक का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग कार्यालय को भेजना। |
| 7. | 09.09.2023 से 20.09.2023 तक | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुकों का नाम आपत्ति का निराकरण करते हुए NSAP Portal से विलोपित करना। |

भौतिक सत्यापन के दौरान निम्न कार्य भी किया जाना है:–

1. पेंशन एवं राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना का आवेदन प्राप्त करना।
2. सभी लाभुकों का मोबाइल नम्बर प्राप्त करना।
3. पेंशन भुगतान में आ रही त्रुटि का निराकरण करना।
4. लाभुकों का आधार प्राप्त करना।
5. विधवा पेंशन के लाभुकों का विधवा रहने संबंधित स्वघोषणा प्रमाण पत्र प्राप्त करना।

6- UDID कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करना।

सभी पेंशनधारियों से अपील की जाती है कि भौतिक सत्यापन के दौरान सहयोग करेंगें ताकि योग्य लाभुकों को पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जा सके।

विश्वासभाजन
ह0/– उपायुक्त,हजारीबाग

PR 304731 (Women, Child Development & Social Security)23-24*D

# मां आदिशक्ति काली के दर्शन को उमड़ी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा नामकोम रोड तुलसी चौक स्थित जय मां आदिशक्ति काली मंदिर जीर्णोद्धार के बाद बुधवार को प्रातः से पूजा अर्चना के साथ ही मंदिर श्रद्धालु भक्तों के लिए खोल दिया गया। इसी के साथ मंदिर व आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन कीर्तन व ढोल- बाजे पर लोग झूमने लगे। बड़ी संख्या में आये श्रद्धालुओं के बीच मां के भोग के स्वरूप हलुआ, खिचड़ी, बुंदिया व खीर वितरित किया गया। मंदिर को फूलों से भव्य तरीके से सजाया गया। आकर्षक तरीके से विद्युत सज्जा भी की गयी। मंदिर अपनी भव्यता को बिखेर रहा है, जो देखते बन रही है। मंदिर की ऊंचाई और कलाकृति भक्तों को आकर्षित कर रही है। यह प्राचीन मंदिर जीर्णोद्धार के बाद आकर्षक और अद्भुत स्वरूप में विद्यमान है। इसमें मां के नौ स्वरूप हैं। संध्या में मां की आरती की गयी। महिलाओं की टोली ने एक वेश भूषा में अपनी भजनों से आये श्रद्धालुओं को झुमाया। साथ ही विभिन्न बैंड पार्टियों ने भी आकर्षक तरीके से तरीके से अपनी प्रस्तुति देकर वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्य देर रात चलता रहा।

# पूर्व विधायक संजीव सिंह को रिम्स से एम्स किया रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स ने झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को दिल्ली एम्स रेफर कर दिया है। संजीव सिंह की स्वास्थ्य जांच करायी गयी। साथ ही इलाज से संबंधित सभी बिंदुओं पर गहन जांच की गयी। संजीव को रिपीटेड ब्रेन स्ट्रोक हो रहा है। इस कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स से एम्स रेफर करने की अनुशंसा की गयी है। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बीरूआ ने बुधवार को बताया कि मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में मेडिसिन, सर्जरी, इएनटी, आई, आर्थो के अलावा संजीव की बीमारी को देखते हुए न्यूरोलॉजी और साइकेट्री विभाग के चिकित्सक को भी बोर्ड में शामिल किया गया था।

रिम्स अधीक्षक ने बताया कि धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक को सूचना दे दी गयी है। आइजी कारा और कोर्ट से आदेश मिलने के बाद संजीव को एम्स भेजा जायेगा। इससे पूर्व संजीव सिंह को रिम्स में 11 अगस्त को भर्ती कराया गया था। वहीं दूसरी ओर रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती संजीव सिंह का मेडिसिन विभाग के डॉ अजीत डुंगडुंग के देखरेख इलाज चल रहा है।

डुंगडुंग ने सीटी स्कैन और एमआरआई कराने की सलाह दी थी। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें बुधवार को रेडियोलॉजी विभाग ले जाया गया, जहां उनका सीटी स्कैन किया गया। लेकिन मशीन खराब होने के कारण एमआरआइ जांच नहीं हो सकी।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



विष्णुगढ़ थाना दैनिकी सं0–11/23, दिनांक–14.07.2023 के आलोक में गुमशुदा महिला– सीमा कुमारी, पिता–सहदेव रविदास, ग्राम+पो0–चौथा, थाना–विष्णुगढ़, जिला–हजारीबाग दिनांक–12.07.2023 को समय करीब 03:00 बजे से घर से कहीं चली गयी है और अब तक वापस घर नहीं लौटी है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:–उम्र–करीब 23 वर्ष, लम्बाई–05 फिट, बाल एवं आंख–काला, पहनावा–सलवार सूट पहनी हुई है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी विष्णुगढ़ /अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–
अनु0पु0पदा0 विष्णुगढ़, हजारीबाग :– 9430165633
थाना प्रभारी विष्णुगढ़, हजारीबाग :– 7903937945

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 304694 Police(23-24)#D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा**

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक : 09 सितंबर 2023 (शनिवार)
समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक
स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

सर्वसाधारण को सूचना

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के द्वारा दिनांक 09/09/2023, दिन शनिवार, **समय 11:00** बजे पूवाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोडकर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोडकर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू.अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

कुमार गौरव
पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

मेघा भारद्वाज
उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

**विरेन्द्र कुमार तिवारी**
**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा**

